NCERT SOLUTIONS

CLASS - 9th



aglasem.com

Class : 9th
Subject : भूगोल
Chapter : 4
Chapter Name : जलवायु

Q1 नीचे दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनें ।
(i) नीचे दिए गए स्थानों में से किस स्थान पर विश्व में सबसे अधिक वर्षा होती है ?
(क) सिलचर
(ख) चेरापूंजी
(ग) मासिनराम
(घ) गुवाहाटी

(ii) ग्रीष्म ऋतू में उत्तरी मैदानों में बहने वाली पवन को निनलिखित में से क्या कहा जाता है ?
(क) काल वैशाखी
(ख) व्यापारिक पवनें
(ग) लू
(घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) निम्नलिखित में से कौन सा कारण भारत के उत्तर पश्चिम भाग में शीत ऋतू में होने वाली वर्षा के लिए उत्तरदायी है ?
(क) चक्रवातीय अवदाब
(ख) पक्षिमी विक्षोभ
(ग) मानसून की वापसी
(घ) दक्षिण पक्षिम मानसून

(iv) भारत में मानसून का आगमन निम्नलिखित में से कब होता है ?
(क) मई के प्रारंभ में
(ख) जून के प्रारंभ में
(ग) जुलाई के प्रारंभ में
(घ)अगस्त के प्रारंभ में

(v) निम्नलिखित में से कौन - सी भारत में शीत ऋतु की विशेषता है ?
(क) गर्म दिन एवं गर्म रातें
(ख) गर्म दिन एवं ठंडी रातें
(ग) ठंडा दिन एवं ठंडी रातें
(घ) ठंडा दिन एवं गर्म रातें

Answer.
(i)-(ग) मासिनराम
(ii)-(ग) लू
(iii)-(ख) पक्षिमी विक्षोभ
(iv)-(ख) जून के प्रारंभ में

aglasem.com

(v)-(ग) ठंडा दिन एवं ठंडी रातें

Page : 39-40 , Block Name : अभ्यास

Q2 निम्न प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिये ।

(i) भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले कौन - कौन से कारक है ?
(ii) भारत में मानसूनी प्रकार की जलवायु क्यों है ?
(iii) भारत के किस भाग में दैनिक तापमान अधिक होता है एवं क्यों ?
(iv) किन पवनों के कारण मालाबार तट पर वर्षा होती है ?
(v) जेट धाराएँ क्या है तथा वे किस प्रकार भारत की जलवायु को प्रभावित करते है ?
(vi) मानसून को परिभाषित करें। मानसून में विराम से आप क्या समझते है ?
(vii) मानसून को एक सूत्र में बाँधने वाला क्यों समझा जाता है ?

Answer.
(i) भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक है - अक्षांश,ऊंचाई एवं वायुदाब ,पवन ,समुद्र से दूरी ,पक्षिमी विक्षोभ तथा महासागरीय धाराएँ।
(ii) भारत की जलवायु में मौसमी परिवर्तनों के अनुसार पवनों की दिशा में बदलाव होता है,पवनें गर्मी में समुद्र से स्थल की और तथा सर्दी में स्थल से समुद्र की और चलती है ।
(iii) भारत में सबसे ज़्यादा दैनिक तापमान रेगिस्तान/मरुस्थल में होता है क्योंकि वहाँ रेत होती है जोकि दिन में तापमान अधिक होने से जल्दी गर्म हो जाती है इसीलिए वहां का तापमान सबसे ज़्यादा होता है ।
(iv) मालाबार तट पर वर्षा दक्षिण पक्षिम पवनों के कारण होती है ।
(v) पश्चिम दिशा से तेज गति की पवनें चलती है जिन्हे जेट धाराएँ कहते है। यह क्षोभमंडल के संकरे क्षेत्र में पश्चिम से पूर्व की और तथा पूर्व से पश्चिम की और तेज गति से चलती है। ये धाराएँ गर्मियों को छोड़कर पूरे वर्ष हिमालय की दक्षिण दिशा में प्रवाहित होती है । जेट धारा की दक्षिण दिशा में बहने के कारण ही पश्चिम विक्षोभ उत्पन्न होता है और यही हमारे देश की जलवायु को प्रभावित करता है ।
(vi) वायु की दिशा में जब परिवर्तन आता है वह मौसमी होता है जिसे मानसून कहा जाता है। मानसून शब्द अरबी भाषा से लिया गया है । जिसका तातपर्य "मौसम" होता है। मानसून में कुछ दिनों तक वायु की दिशा परिवर्तन के कारण वर्षा नहीं होती है जिससे मौसम शुष्क हो जाता है यही मानसून में विराम का कारण है।
(vii) प्रत्येक भारतीय पर मानसून का प्रभाव निर्भर करता है। भारत की कृषि,जीव,वनस्पति आदि सभी इससे प्रभावित होते है ।मानसून की विविधताओं के बावजूद भी इसे एक सूत्र में बाँधने वाला इसीलिए ही कहते है ।

Page : 40 , Block Name : अभ्यास

Q3 उत्तर भारत में पूर्व से पश्चिम की और वर्षा की मात्रा क्यों घटती जाती है ?
Answer. मानसून बंगाल की खाड़ी में दक्षिण पश्चिम दिशा की और से नमी लेते हुए उत्तर पूर्व की और जाता है तथा यहाँ भारी वर्षा करता है । जब वह पश्चिम की तरफ आगे बढ़ता है तो उसकी नमी कम हो जाती है इसीलिए वहाँ वर्षा की मात्रा घट जाती है।

Page : 40 , Block Name : अभ्यास

Q4 कारण बताइये।

(i) भारतीय उपमहाद्वीप में वायु की दिशा में मौसमी परिवर्तन क्यों होता है ?
(ii) भारत में अधिकतर वर्षा कुछ ही महीनों में होती है।
(iii) तमिलनाडु तट पर वर्षा शीत ऋतु में होने के कारण -
(iv) पूर्वी तट के डेल्टा वाले क्षेत्र में प्राय: चक्रवात आते है।
(v) राजस्थान,गुजरात के कुछ भाग तथा पश्चिमी घाट का वृष्टि छाया सूखा प्रभावित क्षेत्र है।

Answer.
(i) भारतीय उपमहाद्वीप में वायु की दिशा में मौसमी परिवर्तन वायु के दाब के कारण होता है। सर्दी के दिनों में अधिक ठंडा होने के कारण यहाँ वायुदाब ऊँचा रहता है जिससे समुद्री सतह पर वायुदाब कम हो जाता है । जबकि गर्मियों में यह समुद्र और सतह दोनों पर ही वायुदाब निम्न रहता है। पवन उच्चदाब से निम्नदाब की और चलती है ।इसीलिए वायुदाब में अंतर् के कारण वायु दिशा में परिवर्तन होता है ।

(ii) भारत के उत्तर पश्चिमी भाग में ग्रीष्म ऋतु में निम्न वायुदाब बन जाता है। इस समय दक्षिण-पूर्वी पवनें भूमध्य रेखा को पार करके मानसून के रूप में जून के पहले सप्ताह में वर्षा करना आरम्भ कर देती है और फिर काफी तेजी से आगे की तरफ बढ़ता है,मध्य जुलाई तक पूरे देश में पहुँच जाता है।इसीलिए भारत में वर्षा तीन से चार महीनों के लिए ही होती है।

(iii) सितम्बर महीने में मानसून पीछे हटने लगता है। मानसून की पवनें धरती से वापस समुद्र की और जाने लगती है। ये पवनें बंगाल की खाड़ी में पहुँचकर वापस नमी ले लेती है। उत्तर पूर्वी मानसून के रूप में तमिलनाडु तट पर शीत ऋतु में भी वर्षा करती है।

(iv) वायु के दाब के परिवर्तनों का कारण बंगाल की खाड़ी है। इसीलिए वहां हमेशा चक्रवात की स्थिति बनी रहती है। इन चक्रवातों को उष्ण कटिबंधीय चक्रवात कहा जाता है। इन चक्रवातों से पूर्वी व तटवर्ती राज्यों में भारी वर्षा होती है।

(v) अरावली पर्वत श्रृंखला मानसून शाखा के बराबर स्थित होने के कारण वर्षा करने में समर्थ नहीं होते। रेतीली भूमि होने के कारण तथा पेड़ पौधे भी न होने के कारण यहाँ की वायु नमी ग्रहण नहीं कर पाती।इसीलिए यहाँ वर्षा नहीं हो पाती और सूखा पड़ने की संभावना अधिक होती है।

Page : 40 , Block Name : अभ्यास

Q5 भारत की जलवायु अवस्थाओं की क्षेत्रीय विभिन्नताओं को उदाहरण सहित समझाइए।
Answer. भारत की जलवायु अवस्था क्षेत्र के अनुसार भिन्नता दर्शाती है जैसे ग्रीष्म ऋतु में राजस्थान के मरू भूमि में कुछ भागों का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है जबकि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में तापमान 20 डिग्री सेल्सियस होता है। सर्दी की ऋतु में द्रास का

तापमान -45 डिग्री सेल्सियस रहता है और उसी मौसम में तिरुवनंतपुरम का तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के लगभग होता है।

देश के अधिकतर भागों में वर्षा जून से सितम्बर तक होती है जबकि तमिलनाडु तट पर उष्ण कटिबंधीय चक्रवातों के कारण यहाँ अक्टूबर नवंबर में भी भारी वर्षा होती है।

Page : 40 , Block Name : अभ्यास

Q6 मानसून अभिक्रिया की व्याख्या करें ।
Answer. मानसून अभिक्रिया के लिए निम्न कारक ज़िम्मेदार है -

- ➔ स्थल भाग जल्दी गर्म तथा ठंडा होता है अर्थात वहां वायुदाब निम्न होता है जबकि समुद्री भाग इसके विपरीत देर से गर्म व ठंडा होता है तथा वहाँ वायुदाब का क्षेत्र उच्च होता है।
- ➔ ग्रीष्म ऋतु में उष्ण कटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र की स्थिति गंगा के मैदान की तरफ हो जाती है जिससे वहाँ निम्न वायुदाब क्षेत्र बन जाता है।
- ➔ ग्रीष्म ऋतु में हिमालय के उत्तर पश्चिमी जेट धाराओं का व भारतीय द्वीप के ऊपर उष्ण कटिबंधीय पूर्वी जेट धाराओं का प्रभाव होता है।
- ➔ ग्रीष्म ऋतु में तिब्बत का पठार बहुत गर्म हो जाता है जिसके कारण पठार के ऊपर समुद्र तल से 9 किलोमीटर की ऊँचाई तक निम्न वायुदाब का क्षेत्र तीव्र ऊर्ध्वाधर धाराओं के कारण बन जाता है।

Page : 40 , Block Name : अभ्यास

Q7 शीत ऋतु की अवस्था एवं उसकी विशेषता बताइये।
Answer. उत्तरी भारत में मध्य नवंबर से फरवरी तक शीत ऋतु होती है। दिसंबर व जनवरी में सबसे अधिक ठंड होती है। चेन्नई में शीत ऋतु में तापमान 24 - 25 डिग्री के आसपास रहता है जबकि उत्तरी भाग में यह 10 डिग्री के लगभग होता है अर्थात तापमान दक्षिण से उत्तर की और बढ़ने पर घटता जाता है।

हिमालय के ऊपरी भागों में हिमपात होता है। दिन गर्म व रातें ठंडी होती है ।गंगा के मैदान में उत्तर - उत्तर पश्चिमी तरफ से ठंडी पवनें बहती है जो शीत ऋतु में बदल जाती है। शीत ऋतु में वर्षा कम होती है अगर होती भी है तो इसे 'मावठ ' कहते हैं।

Page : 40 , Block Name : अभ्यास

Q8 भारत में होने वाली मानसूनी वर्षा तथा उसकी विशेषता बताइये।
Answer. मानसून के समय होने वाली वर्षा का भारत के लिए सामाजिक, धार्मिक और भौगोलिक महत्व है। भारत में ज्यादातर कृषि कार्य मानसून पर निर्भर रहता है। जिस वर्ष अच्छी वर्षा होती है, उस साल अर्थव्यवस्था में तेजी देखने को मिलती है, तथा जिस साल कम वर्षा होती है देश की अर्थव्यवस्था भी डगमगाती है।

- ➔ मानसून जून के आरम्भ से लेकर सितंबर तक का होता है।
- ➔ मानसून में सामान्य वर्षा में अधिक वृद्धि हो जाती है और यह कई दिनों तक चलती रहती है।
- ➔ भारत में मानसून दक्षिणी क्षोर से प्रवेश करता है और फिर दो भागों में बंट जाता है - अरब सागर शाखा व बंगाल की खाड़ी ।

➔ देश में वर्षा के असमान वितरण के कारण कहीं सूखा पड़ता है तथा कहीं बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। तमिलनाडु की विशेष बात यह है कि यहां मानसून की वर्षा उसके लौटते समय होती है।

Page : 40 , Block Name : अभ्यास

Q. भारत के रेखामानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए

I. 400 सेमी भी अधिक वर्षा वाले क्षेत्र
II. 20 सेमी से कम वर्षा वाला क्षेत्र
III. भारत में दक्षिण पश्चिम मानसून की दिशा

Answer. छात्र स्वयं करें।

Page : 40 , Block Name : मानचित्र कौशल

Q i.पता लगाएं कि आपके क्षेत्र में एक विशेष मौसम में कौन से गानें, नृत्य, पर्व एवं भोजन संबंधित हैं? क्या भारत के दूसरे क्षेत्रों से इनमें कुछ समानता है?

Answer. छात्र स्वयं करें।

Q ii. भारत के विभिन्न क्षेत्रों के विशेष ग्रामीण मकानों तथा लोगों की वेशभूषा के फोटोग्राफ इकट्ठे कीजिए। देखिए कि क्या उनमें और उन क्षेत्रों की जलवायु की दशाओं तथा उच्चावच में कोई संबंध है।

Answer. छात्र स्वयं करें।

Page : 40 , Block Name : परियोजना कार्य

aglasem.com